# ट्विटर पर एजेंसियां सतर्क, घटेंगे विज्ञापन

विवेट सुजेन पिंटो



अरबपति एलन मस्क द्वारा ट्विटर से पिछले हफ्ते बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी के बाद आई अनिश्चितता ने विज्ञापनदाताओं को कंपनी के प्रति सतर्क रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

उद्योग के सूत्रों ने कहा कि भारत में विज्ञापन और मीडिया एजेंसियों जैसे इंटरपब्लिक (आईपीजी) समूह और देंत्सु ने अनौपचारिक रूप से अपने ग्राहकों को ट्विटर पर विज्ञापन देने को लेकर सचेत किया है। जानकार सूत्रों ने कहा कि ऐसा इसलिए कि भारत के अधिकांश कर्मचारियों को टीम छोड़ने के लिए कहा गया है और ऐसे में सामग्री को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी।

उदाहरण के लिए, आईपीजी मीडियाब्रांड्स के रोस्टर में क्रेड, आईटीसी, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, एमजी मोटर्स, और अमूल जैसे क्लाइंट हैं। दूसरी ओर देंत्सु की सूची में मारुति सुजुकी, आइकिया, कार्ल्सबर्ग, टाटा मोटर्स और जियो जैसे नाम हैं।

दो एजेंसी समूहों के अधिकारी टिप्पणी के लिए तुरंत उपलब्ध नहीं थे। लेकिन ग्रुपएम, जेनिथ, मैडिसन मीडिया जैसे अन्य एजेंसी समूह भी अपने ग्राहकों के साथ इसी तरह की चर्चा कर रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर, फोक्सवैगन समूह, फाइजर, जनरल मिल्स, जनरल मोटर्स और मोंडेलेज जैसी फर्मों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापनों को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

उद्योग के सूत्रों ने कहा कि कंपनी में अनिश्चितता देखते हुए यूनिलीवर और प्रॉक्टर ऐंड गैंबल जैसी फर्म वैश्विक स्तर पर विज्ञापन रोक सकती हैं। ट्विटर के नए मालिक मस्क ने कहा है कि लागत कम करने के लिए छंटनी करनी पड़ी है। कंपनी ने कुल लगभग 8,000 कर्मचारियों में से आधों की छंटनी कर दी है। भारत में, इसके 230 में से लगभग 180 लोगों को मार्केटिंग, सेल्स और कंटेंट क्यूरेशन जैसे विभागों से कंपनी छोड़ने के लिए कहा गया है।

मुंबई स्थित डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी, व्हाइट रिवर मीडिया के सह-संस्थापक और सीईओ श्रेनिक गांधी ने कहा कि गूगल और मेटा जैसे कंपनियों की तुलना में भारत में वार्षिक विज्ञापन के मामले में ट्विटर को लगभग 100 करोड़ रुपये का कम विज्ञापन मिलता है, लेकिन यह ट्रेंडिंग विषयों के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है।

ग्रुपएम के अनुसार, भारत के कुल लगभग 48,000 करोड़ रुपये का डिजिटल विज्ञापन बाजार है, जिसमें से गूगल और मेटा का विज्ञापन बाजार लगभग 85 फीसदी यानी 41,000 करोड़ रुपये का होगा। शेष 7,000 करोड़ रुपये में एमेजॉन और अन्य डिजिटल और सोशल मीडिया चैनल जैसे प्लेटफार्मों के विज्ञापन शामिल हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि ट्विटर भी इस सूची का हिस्सा है।

गांधी ने कहा कि ट्विटर आपको यह समझने में मदद करता है कि उस दिन या उस समय कौनसा मसला या शख्स चर्चा में है। इससे रुझान वाले मसले महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि यह आपको बताता है कि सोशल मीडिया पर वास्तव में क्या चल रहा है और क्या नहीं।

गुरुग्राम स्थित मीडिया और मार्केटिंग कंसल्टेंसी किआओस मार्केटिंग के सीईओ सजल गुप्ता ने कहा कि छोटे विज्ञापनों के बावजूद, ट्विटर की पहुंच अभी भी सबसे ताकतवर है। स्टेटिस्टा के मुताबिक, इस साल जनवरी में भारत में ट्विटर के 2.36 करोड़ उपयोगकर्ता थे। गुप्ता ने कहा कि पहुंच के नजरिए से ट्विटर अभी भी एक मजबूत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। यही वजह है कि यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक महत्वपूर्ण चैनल बना हुआ है। हालांकि मस्क ने विश्व स्तर पर विज्ञापनदाताओं को आश्वासन दिया है कि उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक सामग्री मॉडरेशन नीति लागू होगी। लेकिन फिलहाल ब्रांड स्थिति को करीब से देख रहे हैं।

# दिल्ली: पाबंदी हटी कल से खुलेंगे स्कूल

बीएस संवाददाता

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेप-4 की पाबंदियां वापस लेने के अगले दिन दिल्ली सरकार ने इस पर अमल करना शुरू कर दिया है। दिल्ली सरकार ने राज्य में ट्रकों के आने पर लगी रोक और सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की व्यवस्था हटा दी है। इसके साथ ही बुधवार से प्राथमिक स्कूलों को खोलने का निर्णय लिया है। दिल्ली में ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू रहेगी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार हो रहा है जिससे सीएक्यूएम ने ग्रेप-4 को वापस लिया है। अब दिल्ली सरकार इसे लागू कर रही है। इसके बाद अब दिल्ली में 9 नवंबर से प्राथमिक स्कूल खोले जाएंगे। साथ ही खुले में निर्माण गतिविधियों पर लगी रोक को भी हटा दिया गया है। सरकारी कर्मचारियों के 50 फीसदी वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था भी समाप्त कर दी गई है। दिल्ली में ट्रकों की एंट्री पर रोक भी हटा दी गई है। दिल्ली के अंदर छोटे वाहनों पर लगी पाबंदी अब नहीं रहेगी। साथ ही हाइवे, सड़कों, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, पावर ट्रांसमिशन और पाइपलाइन जैसे बड़ी परियोजनाओं के निर्माण पर अब रोक नहीं रहेगी। राय ने कहा कि दिल्ली में ग्रेप-1, 2 व 3 के तहत लगी पाबंदियां जारी रहेगी। जिसके तहत निजी निर्माण कार्य व तोड़फोड़ प्रतिबंधित रहेगा।

# जी20: मोदी करेंगे लोगो का अनावरण



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारत की जी20 की अध्यक्षता के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जी20 की अध्यक्षता भारत को अंतरराष्ट्रीय महत्त्व के महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर वैश्विक एजेंडे में योगदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। मंत्रालय ने कहा कि देश की जी20 की अध्यक्षता के ये लोगो, थीम और वेबसाइट भारत के संदेश और दुनिया के प्रति उसकी व्यापक प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करेंगे।

भारत एक दिसंबर से इंडोनेशिया से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। **भाषा**

insecticides (INDIA) LIMITED

TRACTOR BRAND IIL

पंजीकृत कार्यालय: 401-402, लूसा टावर, आज़ादपुर कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, दिल्ली-110 033; टेलीफैक्स: 011-27679700-05
वेबसाइट: www.insecticidesindia.com, इमेल: investor@insecticidesindia.com, CIN: L65991DL1996PLC083909

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही व अर्धवार्षिक के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(₹ लाख में, ईपीएस के अतिरिक्त)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही की समाप्ति | | | अर्धवार्षिक समाप्ति | | वार्षिक समाप्ति | तिमाही की समाप्ति | | | अर्धवार्षिक समाप्ति | | वार्षिक समाप्ति |
| | | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-06-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-22 (लेखापरीक्षित) | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-06-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-22 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 58,249.29 | 56,088.35 | 44,362.53 | 1,14,337.64 | 91,351.62 | 1,50,822.95 | 58,249.29 | 56,088.35 | 44,362.53 | 1,14,337.64 | 91,351.62 | 1,50,822.95 |
| 2 | कर अदायगी के पूर्व शुद्ध लाभ | 5,960.16 | 5,061.54 | 5,571.63 | 11,021.70 | 10,193.36 | 14,096.54 | 5,976.94 | 5,092.78 | 5,583.29 | 11,069.72 | 10,229.71 | 14,137.23 |
| 3 | कर अदायगी के पश्चात शुद्ध लाभ | 4,466.52 | 3,799.66 | 4,176.16 | 8,266.18 | 7,647.47 | 10,702.13 | 4,483.30 | 3,830.90 | 4,187.82 | 8,314.20 | 7,683.82 | 10,742.82 |
| 4 | अवधि के दौरान कुल समेकित आय [कर पश्चात लाभ व कर पश्चात अन्य आय सहित] | 4,493.76 | 3,924.15 | 4,230.52 | 8,417.91 | 7,657.00 | 10,800.84 | 4,511.21 | 3,955.89 | 4,242.20 | 8,467.10 | 7,693.39 | 10,843.00 |
| 5 | पेड–अप इक्विटी शेयर पूँजी (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 | 1,973.19 |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना पत्र में प्रदर्शित लेखापरीक्षित आरक्षित निधि (पूनर्मूल्यन निधि के अतिरिक्त) | - | - | - | - | - | 84,748.02 | - | - | - | - | - | 79,970.73 |
| 7 | प्रति शेयर आय (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | | | | | |
| | आधारभूत | 15.09 | 12.84 | 14.11 | 27.93 | 25.67 | 36.04 | 15.15 | 12.94 | 14.15 | 28.09 | 25.79 | 36.17 |
| | मिश्रित | 15.09 | 12.84 | 14.11 | 27.93 | 25.67 | 36.04 | 15.15 | 12.94 | 14.15 | 28.09 | 25.79 | 36.17 |

नोट:

a) उपरोक्त अवतरण, सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रगटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में 30 सितंबर, 2022 के अंत में दाखिल तिमाही की समाप्ति का अलेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार है। एकल और समेकित वित्तीय परिणाम और व्याख्यात्मक टिप्पणियों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.insecticidesindia.com पर उपलब्ध है।

b) उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंड एएस), कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी" द्वारा जारी दिशानिर्देश) के द्वारा लागू दिशानिर्देशों के अनुसार है। इंड–एएस कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 और उसके बाद के संशोधनों के तहत निर्धारित हैं।

c) निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए, ₹10/- प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर ₹3/- प्रति इक्विटी शेयर की अंतिम लाभांश की सिफारिश की थी जिसे 23 सितंबर, 2022 को आयोजित कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

d) सदस्यों से अनुमोदन के अनुसरण में, कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी ₹2500 लाख जिसमें 2,50,00,000 इक्विटी शेयर्स हैं जिसका अंकित मूल्य ₹10/- प्रति शेयर है से बढ़कर ₹3500 लाख हो गया था जिसमें 3,50,00,000 इक्विटी शेयर्स शामिल थे जिसका अंकित मूल्य ₹10/- प्रति शेयर था। इसके अलावा, 06 अक्टूबर, 2022 को आवंटन समिति ने ₹10/- प्रति शेयर के अंकित मूल्य के 98,65,946 इक्विटी शेयर्स को प्रत्येक दो इक्विटी शेयर के लिए ₹10/- अंकित मूल्य के एक बोनस इक्विटी शेयर के अनुपात में आवंटित किया है, जैसा कि रिकॉर्ड में दर्ज़ है और प्रतिभूति प्रीमियम से ₹9,86,59,460 की राशि का पूंजीकरण किया गया है। बोनस शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में प्रभावी कार्य दिवस 17 अक्टूबर, 2022 पर सूचीबद्ध थे। इसने उपर्युक्त वित्तीय परिणामों को प्रभावित नहीं किया है, प्रति शेयर आय को छोड़कर, जिसे इंड–एएस 33 'प्रति शेयर कमाई' के अनुसार प्रस्तुत सभी अवधि में बोनस इश्यू के लिए समायोजित किया गया है।

e) 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के दौरान समूह ने "आईआईएल बायोलॉजिकलस लिमिटेड" नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को शामिल किया है। पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सभी प्रकार के ऑर्गेनिक और जैविक कृषि उर्वरकों, जैव–कीटनाशकों, जैव–नियंत्रण एजेंटों या किसी अन्य संबद्ध उत्पादों के निर्माण, बिक्री, खरीद आदि का व्यवसाय करेगी।

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
इन्सेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड
(राजेश कुमार अग्रवाल)
प्रबंध निदेशक
DIN-00576872

स्थान: दिल्ली
दिनांक: नवम्बर 07, 2022




